लापरवाही — 10 दिन की गर्मी में सूख गया बकान डैम, जल संसाधन विभाग की लापरवाही से खेतों को नहीं मिल रहा पानी

# भीषण गर्मी में पानी को तरसेंगे ग्रामीण और किसान



**अनूपपुर नवभारत 12 मई ।** अनूपपुर। जिले में भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों के लिए बकान डैम एक बार फिर निराशा का कारण बन गया है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना किसानों को सिंचाई और ग्रामीणों को जल संकट से राहत देने के उद्देश्य से बनाई गई थी, लेकिन विभागीय लापरवाही और रखरखाव के अभाव में यह योजना अब केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है।

हालत यह है कि डैम में भरा पानी मात्र 10 दिनों के भीतर ही सूख गया, जिससे आने वाले दिनों में पेयजल और सिंचाई का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हर साल गर्मी शुरू होते ही यही स्थिति निर्मित हो जाती है। डैम में चहुंओर गाद पूरी तरह और मिट्टी से पटा हुआ है।

### जल संग्रहण क्षमता लगातार घटती जा रही

डैम की वर्षों से साफ-सफाई नहीं कराई गई, जिसके कारण जल संग्रहण क्षमता लगातार घटती जा रही है। दूसरी ओर डैम के गेट भी लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं। समय पर मरम्मत नहीं होने से पानी का सही ढंग से संरक्षिण्त नहीं हो पा रहा और थोड़े ही दिनों में पानी बहकर खत्म हो जाता है।

### सैकड़ों किसान होंगे प्रभावित

बकान डायवर्सन से सैकड़ों किसानों की खेती जुड़ी हुई है। इस पानी के भरोसे किसान धान, गेंहू, सब्जी और अन्य फसलों की तैयारी करते हैं, लेकिन जब समय पर पानी ही उपलब्ध नहीं होता तो किसानों की मेहनत और उम्मीद दोनों सूख जाती हैं। कई किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग केवल कागजी निरीक्षण और योजनाओं तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं किया जा रहा।

### हैंडपंप और कुएं भी होंगे प्रभावित

बकान डायवर्सन के सूखने से अब गांवों में पेयजल संकट गहराने की आशंका भी बढ़ गई है। कई हैंडपंप और कुएं पहले ही जवाब देने लगे हैं। किसानों को डर है कि यदि जल्द ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो खरीफ सीजन की तैयारी भी प्रभावित होगी। इससे आर्थिक नुकसान के साथ ग्रामीणों की आजीविका पर भी सीधा असर पड़ेगा।

### गर्मी शुरू होते ही पानी खत्म हो गया : रामप्रसाद

किसान रामप्रसाद बैगा ने बताया कि हम लोगों पूरी खेती बकान डैम के पानी पर निर्भर हैं, लेकिन इस बार तो गर्मी शुरू होते ही पानी खत्म हो गया। डैम में पानी टिक ही नहीं पाया। गेट खराब पड़े हैं और सफाई भी नहीं हुई, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसान संदीप बैगा ने बताया कि करोड़ों रुपये खर्च करके डैम बनाया गया, लेकिन फायदा किसानों तक नहीं पहुंच रहा।

### गर्मी बीतने के बाद करते हैं औपचारिक निरीक्षण

करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जब किसानों को पानी नहीं मिल रहा, तो योजना की उपयोगिता पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी केवल गर्मी बीतने के बाद औपचारिक निरीक्षण करते हैं, लेकिन संकट के समय कोई राहत व्यवस्था नजर नहीं आती।

### विभाग की उदासीनता से किसान परेशान

छात्र लोकेश बैगा ने बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है, लेकिन जमीन पर हालत अलग हैं। सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलेगा तो खेती कैसे होगी? विभाग की उदासीनता के कारण सैकड़ों किसान परेशान हैं। अब प्रशासन को तुरंत स्थायी समाधान करना चाहिए। कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन विभाग अनूपपुर केपी कडियाम ने कहा कि मैं जल्द निरीक्षण के लिए जाऊंगा।



## जैन मंदिर परिसर में गूंजते रहे मंत्रोच्चार श्रद्धा व भक्ति से सराबोर रहा वातावरण

**अमरकंटक, नवभारत 12 मई ।** पवित्र धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ नगरी अमरकंटक में आयोजित पंच दिवसीय श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का भव्य एवं दिव्य आयोजन मंगलवार 12 मई को पूर्ण धार्मिक विधि-विधान एवं आध्यात्मिक वातावरण के मध्य संपन्न हो गया। यह पावन आयोजन 7 मई से प्रारंभ हुआ था, जिसमें प्रतिदिन श्रद्धा, भक्ति और धर्ममय वातावरण की अद्धुत छटा देखने को मिली।

यह आयोजन आर्यिका ऋजुमति माता एवं आर्यिका 105 तपोमति माता ससंघ के मंगलमय सानिध्य तथा ब्रह्मचारी अरुण के पावन निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान संपूर्ण जैन मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा तथा श्रद्धालुओं की सतत उपस्थिति ने धार्मिक उल्लास को और भी दिव्यता प्रदान की।

### विविध आध्यात्मिक अनुष्ठान हुए

पवित्र श्री 1008 आदिनाथ भगवान जैन मंदिर में प्रतिदिन प्रात:काल सर्वप्रथम शांतिधारा का आयोजन हुआ, तत्पश्चात श्री 1008 आदिनाथ भक्ताम्बर विधान विधिपूर्वक संपन्न कराया गया। इसके उपरांत धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पूजन, हवन, अर्चन एवं विविध आध्यात्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। अंत में भगवान आदिनाथ की भव्य एवं भक्तिमय आरती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

## मानव-हाथी द्वंद्व रोकने के लिए 'गजरक्षक' ऐप का सहारा

**ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी पहले ही मिल जाएगी**

**अनूपपुर नवभारत 12 मई ।** जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अब मानव और हाथियों के बीच होने वाले संघर्ष को रोकने के लिए तकनीक का उपयोग लिया जा रहा है। मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा विकसित 'गजरक्षक' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अब ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी पहले ही मिल जाएगी।

वन मण्डलाधिकारी डेविड व्यंकटराव चनाप ने सोमवार को बताया कि यह ऐप हाथियों की रीयल-टाइम लोकेशन और उनके व्यवहार की निगरानी के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों और उनके जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### कैसे काम करता है गजरक्षक ऐप

जैसे ही हाथी आबादी वाले क्षेत्र की ओर बढ़ेंगे, यह ऐप वनकर्मियों और क्षेत्र के पंजीकृत ग्रामीणों को एसएमएस, वॉयस कॉल और सायरन के माध्यम से तत्काल सचेत कर देगा। ऐप के माध्यम से हाथियों के मूवमेंट की दिशा और सटीक लोकेशन देखी जा सकती है। इस डेटा की मदद से वन विभाग की टीम समय रहते हाथियों को सुरक्षित रास्ते पर मोड़ने या प्रभावित क्षेत्रों को खाली कराने की कार्यवाही कर सकेगी।

### ग्रामीण इस एप्लीकेशन को मोबाइल में डाउनलोड करें

वन मण्डलाधिकारी ने अपील की है कि अधिक से अधिक ग्रामीण इस एप्लीकेशन को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया है कि ग्रामीण ऐप से आने वाले किसी भी नोटिफिकेशन या अलर्ट को ब्लॉक नहीं करें। अक्सर सायरन या वॉयस कॉल को लोग सामान्य कॉल समझकर अनदेखा कर देते हैं, जो जानलेवा साबित हो सकता है। यह ऐप आपकी और हाथियों, दोनों की सुरक्षा के लिए है।

## रक्तदान शिविर में दिखा सेवा का अद्भुत जज्बा



बुढ़ार(नव भारत )। नगर की संवेदनशील और सेवाभावी आत्मा को समर्पित एक भावपूर्ण अवसर उस समय साकार हो उठा, जब होटल विलासा इंटरनेशनल में स्वर्गीय पवन कुमार चमड़िया जी की तृतीय पुण्यतिथि पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानव सेवा, संवेदनशीलता और संस्कारों की उस विरासत का जीवंत स्वरूप था, जिसे स्वर्गीय पवन कुमार चमड़िया जी ने अपने जीवनकाल में पूरे समर्पण के साथ सींचा था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा एवं भावनात्मक वातावरण में हुआ। होटल विलासा इंटरनेशनल के प्रमुख श्री राजेश चमड़िया एवं श्री मनीष चमड़िया ने स्वर्गीय पवन कुमार चमड़िया जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वातावरण में एक ओर स्मृतियों को नमन किया गया दूसरी ओर समाजसेवा के संकल्प की उज्ज्वल आभा भी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। स्वर्गीय पवन कुमार चमड़िया जी अपने जीवनकाल में समाजसेवा, रक्तदान, जरूरतमंदों की सहायता और जनकल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे। वे ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनकी संवेदनाएं केवल शब्दों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि हर जरूरतमंद तक उनकी मदद सहज रूप से पहुंचती थी।

किसी गरीब परिवार की बेटी के विवाह की चिंता हो, किसी बीमार व्यक्ति के उपचार की आवश्यकता हो अथवा रक्तदान जैसे पुनीत कार्य—पवन भैया का नाम नगरवासियों के हृदय में सबसे पहले स्मरण होता था।

उनकी यही सेवा भावना आज उनके सुपुत्रों श्री राजेश चमड़िया एवं श्री मनीष चमड़िया के माध्यम से समाज में निरंतर प्रवाहित हो रही है। दोनों ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया और समाज को यह संदेश दिया कि रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि मानव जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है।रक्तदान शिविर में नगर के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों, समाजसेवियों, युवाओं और पत्रकार बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। होटल विलासा इंटरनेशनल का संपूर्ण स्टाफ पूरे समर्पण भाव से रक्तदाताओं की सेवा एवं देखभाल में जुटा रहा। आयोजन स्थल पर मानवीय संवेदनाओं और सेवा संस्कारों का अनुपम दृश्य उपस्थित था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वर्गीय पवन कुमार चमड़िया जी द्वारा रोपे गए संस्कारों के पुष्प आज पूरे नगर को अपनी सुगंध से सुवासित कर रहे हों।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वर्गीय पवन भैया के पुराने मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वे मानव सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म मानते थे।

### एक नजर में

## मुख्यमंत्री डॉ . यादव का आगमन आज



**अनूपपुर नवभारत।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई की शाम अनूपपुर जिले के बिजुरी नगर में मंत्री दिलीप जायसवाल के पुत्र के तिलकोत्सव कार्याक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। जानकारी अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार की शाम अनूपपुर जिले के बिजुरी में शाम 4.30 बजे हैलीपैड बिजुरी पहुंचेंगे जहां वह कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के निवास पर जायेंगे जहां राज्य मंत्री के पुत्र अभिशंख जायसवाल के तिलकोत्सव में शामिल होगे करीब आधा घटे बिताने कग बाद शाम 5 बजे बिजुरी से जबलपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।



## शिक्षक संघ ने सांसद हिमान्द्री सिंह से भेटकर सौंपा ज्ञापन

**बुढार( नव भारत )।** म. प्र. षिक्षक संघ नें संभागीय मुख्यालय शहडोल में कोष एवं लेखा के कार्यालय संचालन की न्याय संगत मांग को लेकर शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह से भेटकर ज्ञापन सौंपा ।म. प्र. शिक्षक संघ की संभागीय इकाई के प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रमुख जनजातीय कार्य विभाग अनिल कुमार सिंह एवं संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिध मंडल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह से उनके गृह ग्राम राजेन्द्रग्राम में भेंटकर समस्या से अवगत कराया और मांगपत्र सौंपा। म. प्र. शिक्षक संघ नें सांसद को सौंपे ज्ञापन में उल्लेखित किया कि - शहडोल संभाग में कोष एवं लेखा का संभागीय कार्यालय संचालित नहीं होने से कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, और वर्तमान में पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के भुगतान संबंधी कार्यों के लिए रीवा कार्यालय जाना पड़ता है, जिससे समय एवं आर्थिक व्यय का सामना करना पड़ता है, ऐसी स्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि - शहडोल मुख्यालय पर शीघ्र कोष एवं लेखा का संभागीय कार्यालय संचालित करवाया जाये, जिससे संभाग के कर्मचारियों को सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। षिक्षक संघ की समस्या को सांसद हिमाद्री सिंह ने गंभीरता से लेते हुए आयुक्त कोष एवं लेखा भोपाल से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान कोष एवं लेखा द्वारा समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन संघ के प्रतिनिध मंडल को दिया गया।

सांसद को ज्ञापन सौंपते समय म.प्र. शिक्षक संघ प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रमुख अनिल कुमार सिंह, संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, संभागीय संगठन मंत्री डॉ. नरेन्द्र पटेल, संभागीय सचिव हरिहर प्रताप सिंह तथा शहडोल जिला सचिव विनोद सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था की मांग

**सीबीएमओ ने थाना प्रभारी को सौंपा पत्र**

**कोतमा नवभारत 12 मई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (सीबीएमओ) द्वारा थाना प्रभारी कोतमा को पत्र प्रेषित कर अस्पताल परिसर में पुलिस बल की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की गई है।

12 मई को जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि कोतमा हॉस्पिटल में कई बार शराब के नशे में मरीज के परिजनों द्वारा डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ के साथ बदतमीजी की जाती है। चिकित्सा अधिकारियों को सुरक्षा के अभाव में अपने दायित्वों का निर्वहन करने में असहजता महसूस हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक आवश्यक सेवा केंद्र है, जहां चौबीसों घंटे मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसी स्थिति में चिकित्सकीय स्टाफ का मानसिक रूप से सुरक्षित महसूस करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से

### मरीजों के परिजन शराब के नशे में करते हैं बदतमीजी

पूर्व में कई बार शराब के नशे में डाक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों के द्वारा शराब के नशे में बदतमीजी की जाती रही है, जिसकी सूचना भी समय समय पर दी गई है। पत्र के माध्यम से थाना प्रभारी से अस्पताल परिसर में स्थायी रूप से अथवा नियमित अंतराल पर पुलिस बल की तैनाती किए जाने का अनुरोध किया गया है, जिससे अस्पताल में शांति व्यवस्था बनी रहे और चिकित्सक एवं कर्मचारी सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**अनूपपुर।** भक्तिमय माहौल में उमड़ा जनसैलाब जमुना कोतमा क्षेत्र में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को विशाल कलश यात्रा के साथ संपन्न हुआ। वार्ड क्रमांक 07, भालूमाड़ा थाना के पास पसान स्थित पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू मिश्रा एवं श्रीमती सीता मिश्रा के निवास से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला शामिल थी।

## त्याग सिर्फ आम जनता क्यों करें : सतेन्द्र स्वरूप

**प्रधानमंत्री की सलाह पर कांग्रेस ने उठाए सवाल**

**अनूपपुर नवभारत 12 मई । देश में बढ़ती महंगाई, आर्थिक असमानता और आम नागरिकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया है।**

कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री सतेन्द्र स्वरूप दुबे ने प्रधानमंत्री के हालिया वक्तव्य और आम जनता को दिए गए संयम एवं बचत संबंधी सुझावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश को चलाने की जिम्मेदारी केवल गरीब और मध्यम वर्गीय जनता पर ही क्यों डाली जा रही है। जनता को सोना नहीं खरीदने, फोर व्हीलर का उपयोग कम करने और खर्चों में कटौती की सलाह देना उचित नहीं है, जबकि दूसरी ओर सत्ता में बैठे नेता और मंत्री वैभव एवं दिखावे की राजनीति में लगे हुए हैं।



### जनप्रतिनिधि देशहित में त्याग करें

सत्येंद्र स्वरूप दुबे ने कहा कि यदि देशहित में त्याग और संयम की आवश्यकता है तो इसकी शुरुआत सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों और बड़े पदों पर बैठे लोगों से होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर आम जनता महंगाई की मार झेल रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी आयोजनों, प्रचार-प्रसार और सुविधाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

### जनभावनाओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए

कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकतंत्र में जन सहभागिता और जनभावनाओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। सरकार को ऐसे निर्णय लेने चाहिए जिससे आम नागरिकों को राहत मिले, न कि उन पर अतिरिक्त नैतिक दबाव डाला जाए। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने में किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी और आम नागरिक की सबसे बड़ी भूमिका होती है, इसलिए उनकी परेशानियों को समझना और समाधान देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

चेतावनी — किसान एकता संघ ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, बिजली संकट के समाधान की मांग की, बेमौसम बारिश में भीग रहा गेहूं

# गेहूं खरीदी नहीं होने पर किसानों ने दी चकाजाम की चेतावनी





**अनूपपुर नवभारत 12 मई।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में गेहूं खरीदी और बिजली समस्या से किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में किसान एकता संघ ने अपर कलेक्टर दिलीप पांडेय को ज्ञापन सौप कर गेहूं खरीदी और बिजली संकट के समाधान की मांग की।

किसानों ने पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग नहीं होने और व्यापारियों के उपज नहीं खरीदने पर आक्रोश व्यक्त किया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़क जाम करेंगे। किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश की वजह से गेहूं भीगकर खराब हो रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान और कर्ज बढ़ने का डर सता रहा है।

### व्यापारी गैर-पंजीकृत किसानों की उपज खरीदने से कर रहे इनकार

ज्ञापन में कहा गया कि स्थानीय व्यापारी गैर-पंजीकृत किसानों की उपज खरीदने से इनकार कर रहे हैं, जो कि पूर्व आदेशों का उल्लंघन है। इस दौरान स्लॉट बुकिंग की समस्या पर खाद्य आपूर्ति विभाग की अधिकारी अनीता सोरते और किसानों के बीच विवाद भी हुआ। अधिकारी ने समस्या को विभाग से संबंधित न बताकर पल्ला झाड़ लिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने कलेक्टर से चर्चा का समाधान का आश्वासन दिया।

### सिंचाई और घरेलू उपयोग हेतु निर्बाध बिजली की मांग

किसान एकता संघ ने अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा उठाते हुए बताया कि उन्हें वर्तमान में मात्र 10 घंटे बिजली मिल रही है। सिंचाई के लिए कम से कम 18 से 20 घंटे और घरेलू उपयोग व बच्चों की शिक्षा के लिए 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की है। इसके पूर्व किसान विद्धुत विभाग के आधिकारी से विद्धुत की समस्या बताई जिस पर कार्यपालन यंत्री ने कहा कि इसके लिए आप लोग सांसद और विधायक के पास जाईयें तभी समस्या का समाधान होगा।

### जिपं सीईओ ने की 49 आवेदन पत्रों की सुनवाई

जिला स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने 49 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं।

### भूमि रिकार्ड में सुधार की मांग

जनसुनवाई के दौरान तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम बरांझ निवासी कुसुम बाई ने सीमांकन कराए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम बैहाटोला निवासी केशव प्रसाद केवट ने नक्शा तरमीम कराए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम पड़रिया निवासी उमेश कुमार यादव ने मिनी आयल मशीन संचालन हेतु विद्युत कनेक्शन दिलाए जाने, तहसील कोतमा के ग्राम पकरिहा निवासी रामावतार दुबे ने भूमि रिकार्ड में सुधार कराए जाने के लिए आवेदन दिया।